सं.डीजीटी-ई-12013/01/2020-हिंदी
भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
प्रशिक्षण महानिदेशालय

7वां तल, कौशल भवन
न्यू मोती बाग, चाणक्य पूरी
नई दिल्ली-110023
दिनांकः 10 सितम्बर, 2024

**परिपत्र**

**विषयः-हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त निदेशों के अनुसार सरकारी कामकाज में राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रति जागरूकता और उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। सितम्बर माह में हिंदी पखवाड़ा/हिंदी सप्ताह का भी आयोजन किया जाता है। महानिदेशक/अपर सचिव महोदया के अनुमोदन से इस वर्ष प्रशिक्षण महानिदेशालय में सितम्बर माह में 14 सितम्बर, 2024 से 30 सितम्बर, 2024 तक हिंदी पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से यह अनुरोध है कि वे इस अवधि के दौरान अपना यथासंभव समस्त कार्य हिंदी में करें।

इस संदर्भ में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं उनके समक्ष दिए गए समय एवं स्थान के अनुसार आयोजित की जाएंगी। समय एवं स्थान समिति कक्ष की उपलब्धता पर निर्भर है। अतः समय एवं स्थान में परिवर्तन होने की स्थिति में प्रतिभागियों को सूचित कर दिया जाएगा। प्रतियोगिताओं से संबंधित विस्तृत विवरण संलग्न है।

| क्र. सं. | प्रतियोगिता/कार्यक्रम का नाम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निबंध प्रतियोगिता | 18.09.2024 (बुधवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |
| 2. | हिंदी अनुवाद/टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता | 19.09.2024 (बृहस्पतिवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |
| 3. | वाद-विवाद प्रतियोगिता | 20.09.2024 (शुक्रवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |
| 4. | कंप्यूटर पर हिंदी में टंकण प्रतियोगिता (संविदा पर कार्यरत डेटा एण्ट्री ऑपरेटर के लिए) | 23.09.2024 (सोमवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |
| 5. | हिंदी व्याकरण एवं राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता | 24.09.2024 (मंगलवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |
| 6. | हिंदी कार्यशाला (प्रतियोगिता विशेष वक्ताओं का राजभाषा नियम/अधिनियम पर वक्तव्य) | 25.09.2024 (बुधवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |
| 7. | पत्र लेखन व हिंदी स्लोगन (एमटीएस के लिए) | 26.09.2024 (बृहस्पतिवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |
| 8. | हिंदी कार्यशाला (अतिथि वक्ता द्वारा टिप्पण तथा आलेखन पर वक्तव्य) | 30.09.2024 (सोमवार) | अपराह्न 2.30 बजे | सभागार-2 (कौशल भवन) |

महानिदेशालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे इन प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लें। निदेशक/प्रभाग प्रमुख इस आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने अधीनस्थों को इन प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक भाग लेने हेतु प्रेरित करें।

प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वालों को क्रमशः 5000/-रुपए, 3000/-रुपए एवं 2000/-रुपए तथा 1000/- रुपए के दो प्रोत्साहन नकद पुरस्कार, प्रशस्ति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे और यह भी सूचित किया जाता है कि एक स्थान के लिए एक ही पुरस्कार दिया जाएगा।

इच्छुक प्रतिभागी अपने नाम लिखित में अधोहस्ताक्षरी को प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि से दो दिन पहले तक संलग्न प्रोफार्मा में अवश्य भिजवा दें, जिससे कि प्रतियोगिताओं हेतु समुचित व्यवस्था की जा सके। इसके बाद प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों पर विचार करना संभव नहीं होगा। तीन से कम प्रविष्टियां प्राप्त होने की स्थिति में प्रतियोगिता को रद्द कर दिया जाएगा।

संलग्नक: यथाउपर्युक्त

भवदीय

(ईश्वर सिंह)
उप महानिदेशक

प्रतिलिपिः-

1. महानिदेशक/अपर सचिव के पीएसओ
2. उप महानिदेशक के प्र.निजी सचिव
3. संयुक्त सचिव (रा.भा.), एमएसडीई के प्र. नि. सचिव
4. वेतन व लेखा अधिकारी, प्रशिक्षण महानिदेशालय, नई दिल्ली
5. प्रशिक्षण महानिदेशालय के समस्त अधिकारी/अनुभाग/एकक। सभी निदेशक/प्रभाग प्रमुख से यह अनुरोध है कि वे अपने-अपने प्रभागों में इन प्रतियोगिताओं को सभी अधीनस्थों की जानकारी में लाएं
6. सूचनापट्ट, प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल भवन
7. सूचनापट्ट, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, कौशल भवन
8. सूचनापट्ट, प्रशिक्षण महानिदेशालय, श्रम शक्ति भवन
9. सूचनापट्ट, प्रशिक्षण महानिदेशालय, पूसा
10. आईटी सेल – डीजीटी के वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ

*****